देहरादून (उत्तराखण्ड)

बृहस्पतिवार 19.06.2025

समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे पर आज शाम देहरादून पहुंचेंगी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास में नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर दिया।
- महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने हल्द्वानी में नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये।
- प्रदेश सरकार, भारत–चीन सीमा पर 43 आईटीबीपी चौकियों और 8 सीमावर्ती गांवों को ग्रिड आधारित बिजली आपूर्ति करेगी।
- ऊधमसिंह नगर जिला प्रशासन ने फाजिलपुर महरौला क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।

राष्ट्रपति दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे पर आज देहरादून पहुंच रही हैं। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। राष्ट्रपति निकेतन में रात्रि विश्राम के बाद वह कल सुबह राष्ट्रपति निकेतन में 132 एकड़ में प्रस्तावित राष्ट्रपति उद्यान का शिलान्यास करेंगी। श्रीमती मुर्मू का राजपुर रोड स्थित राष्ट्रीय दृष्टि बाधित सशक्तीकरण संस्थान में दृष्टिबाधित छात्रों से मुलाकात करने का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। राष्ट्रपति 21 जून को वन अनुसंधान संस्थान में अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव में भी हिस्सा लेंगी।

सलाहकार समिति की बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों में प्रशासनिक नवाचारों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं, ताकि लोगों को अधिक पारदर्शी, त्वरित और प्रभावशाली सेवाएं मिल सकें। देहरादून में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति देने के लिए रणनीतिक सलाहकार समिति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्री धामी ने कहा कि नवाचार और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए समिति निरंतर कार्य करेगी। यह समिति राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई दिशा देने का मजबूत आधार तैयार करेगी।

नियुक्ति पत्र

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने हल्द्वानी में 36 नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और 287 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर श्रीमती आर्या ने कहा कि अब स्नातक, परास्नातक, बी.टेक और एम.टेक जैसी डिग्रीधारी बालिकाएं व महिलाएं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा सहायिकाओं के रूप में विभाग से जुड़ रही हैं, जिससे निश्चित रूप से विभाग की कार्य क्षमता और कार्यकुशलता में वृद्धि होगी।

योगा दिवस

11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को विश्वभर में मनाया जाएगा। आकाशवाणी समाचार आपके लिए प्राचीन भारतीय परम्परा से लेकर वैश्विक आंदोलन तक योग के विकास पर एक विशेष फीचर लेकर आया है।

योग का इतिहास भारत की प्राचीन सभ्यता में गहराई से निहित है। यह सिंधु–सरस्वती घाटी संस्कृति के आरंभ में एक आध्यात्मिक अभ्यास के रूप में शुरू हुआ और धीरे–धीरे आत्म–साक्षात्कार की दिशा में एक अनुशासित मार्ग के रूप में विकसित हुआ। कई वर्षों तक, विद्वानों का मानना था कि योग की उत्पत्ति बौद्ध धर्म के उदय के दौरान लगभग 500 ईसा पूर्व हुई थी। हालाँकि, सिंधु–सरस्वती घाटी सभ्यता से प्राप्त पुरातात्विक खोजों से पता चलता है कि योग बहुत पुराना है। समय के साथ, यह अभ्यास एक समृद्ध अनुशासन के रूप में विकसित हुआ। यह वेदों, उपनिषदों और बाद में पतंजलि के योग सूत्रों में प्रवाहित हुआ। महाभारत के योग के गहरे संदर्भों से लेकर स्वामी विवेकानंद और बी.के.एस. अयंगर जैसे महान गुरुओं द्वारा 19वीं और 20वीं सदी के पुनरुद्धार तक – योग एक प्राचीन परंपरा से एक सार्वभौमिक अनुशासन में बदल गया। वर्ष 2014 में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में प्रस्तावित किया था। इस प्रस्ताव को भारी समर्थन के साथ अपनाया गया। तब से, दुनियाभर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस सप्ताह हम 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मना रहे हैं। इस वर्ष की थीम ष्एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगष जो एकता और कल्याण का संदेश देती है। योग किसी भी व्यक्ति को धर्म, जाति या राष्ट्रीयता के भेदभाव के बिना योग उसे स्वस्थ, संतुलित और सार्थक जीवन जीने का मार्ग प्रदान करता है।

## वाइब्रेंट विलेज विद्युत लाइन

केंद्र सरकार की बॉर्डर आउट पोस्ट योजना और वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत भारत–चीन सीमा से सटे अति दुर्गम इलाके जल्द ही बिजली की रोशनी से जगमगाएंगे। योजना के तहत पिथौरागढ़, उत्तरकाशी और चमोली जिलों की सीमा से सटी कुल 43 आईटीबीपी चौकियों और 8 सीमांत गांवों को ग्रिड आधारित बिजली आपूर्ति की जाएगी। यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक अनिल यादव ने बताया कि वाइब्रेंट विलेज को बिजली लाइन से जोड़ने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही इस योजना पर काम शुरू कर दिया जाएगा।

## अतिक्रमण ध्वस्तीकरण

ऊधमसिंह नगर जिला प्रशासन ने फाजिलपुर महरौला क्षेत्र में सीलिंग की भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की है। इस दौरान भारी पुलिस बल की मौजूदगी में करीब एक दर्जन अर्धनिर्मित मकानों को ध्वस्त किया गया। इसी क्रम में रुद्रपुर के पहाड़गंज क्षेत्र में जिला विकास प्राधिकरण की ओर से 146 अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया गया है। प्रभारी उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने बताया कि प्रशासन की टीमें लगातार अवैध अतिक्रमण पर नजर रख रही हैं और उन्हें ध्वस्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित कर रही है।

## हिलांस गढ़वाल मार्ट

टिहरी जिले के स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भिलंगना ब्लॉक के चमियाला नगर पंचायत में हिलांस गढ़वाल मार्ट की स्थापना की गई है। इस मार्ट से भिलंगना ब्लॉक क्षेत्र की महिला स्वयं सहायता समूहों की 300 महिला किसान जुड़ी हैं। मार्ट का संचालन उज्ज्वल स्वतंत्र सहकारिता की ओर से किया जाएगा। मार्ट का उद्घाटन करते हुए जिले की मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने कहा कि इस पहल से स्थानीय उत्पाद आम जनता तक पहुंचेंगे।

## राज्य कार्यकारी समिति

सरकार ने नैनीताल जिले के रामनगर में स्थित गर्जिया देवी मंदिर के मुख्य टीले के सुरक्षात्मक कार्यो को जल्द पूरा करने के निर्देश दिये हैं। राज्य कार्यकारी समिति की बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने लालकुआं के बनभूलपूरा रेलवे क्रॉसिंग से गोला पुल तक क्षतिग्रस्त मार्ग की आईआईटी रुड़की से हाइड्रोलॉजिकल स्टडी कराते हुए सुरक्षात्मक कार्यों को तत्काल पूरा करने के भी निर्देश दिए।

चारधाम यात्रा

प्रदेश में चार धाम यात्रा अपने चरम पर है। अब तक करीब 32 लाख तीर्थयात्री चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं। वहीं, रुद्रप्रयाग स्थित कार्तिकेय स्वामी मंदिर और उत्तरकाशी स्थित जगन्नाथ मंदिर के साथ ही अन्य मंदिरों में दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल कार्तिकेय स्वामी मंदिर में करीब चार लाख तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए थे, जबकि इस बार जून मध्य तक यह संख्या 10 लाख को पार कर गई है।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

भारत–पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हीं के सामने खारिज करने के समाचार को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

इस खबर पर अमर उजाला का शीर्षक है– ट्रंप को मोदी की दो टूक...... पाकिस्तान पर भारत को न मध्यस्तथता स्वीकार थी, न कभी करेंगे।

दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री के हवाले से लिखा है– कभी मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा भारत।

इरान–इजराइल युद्ध पर हिंदुस्तान लिखता है– खामनेई की चेतावनी पर अमेरिकी राष्टपति बोले– गुड लक।